आज दिनांक 4 दिसम्बर , 2017 को कुमाऊँ विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में हिन्दी विषय की पाठ्यसमिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नांकित विषय विशेषज्ञ एवं सदस्य उपस्थित हुए :-

1. प्रो.सुधाकर सिंह (बाह्य विशेषज्ञ)
2. प्रो.एस.डी.तिवारी (बाह्य विशेषज्ञ) 4.12.17
3. डॉ. मुकेशगर्ग (बाह्य विशेषज्ञ)
4. प्रो. डी.एस. पोखरिया (सदस्य) 4.12.17
5. प्रो. एस.एस.बिष्ट (सदस्य) 4.12.17
6. प्रो. मानवेन्द्र पाठक (सदस्य) पाठक
7. प्रो.चन्द्रकला रावत (सदस्य) 4.12.17
8. प्रो. निर्मला ढैला (सदस्य)
9. प्रो. जगतसिंह बिष्ट (सदस्य)
10. प्रो.शिरीष कुमार मौर्य (सदस्य) शिरीष कुमार मौर्य
11. प्रो. बी.एस. बिष्ट (कला संकायाध्यक्ष)
12. प्रो.नीरजा टण्डन (संयोजक)

बैठक में निम्नांकित बिन्दुओं पर विचार किया गया -

1. विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार सत्र 2018-19 से स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर सीबीसीएस पद्धति पर पाठ्यक्रम संचालित किया जाना है, अतः हिन्दी साहित्य के पाठ्यक्रम का प्रारूप विषय विशेषज्ञों एवं सदस्यो के अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।

2.'हिन्दी भाषा एवं साहित्य' तथा अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य बीए/ बीकॉम स्तर पर यूजीसी द्वारा निर्दिष्ट अनिवार्य विषय का प्रकरण फैकल्टी बोर्ड के विचारार्थ प्रस्तावित है।

3.इस पाठ्यक्रम के अंक विभाजन का निर्णय कला संकाय/ विश्वविद्यालय स्तर पर होगा ताकि समस्त विषयों में अंकविभाजन विषयक एकरूपता रहे।

4. प्री पीएचडी पाठ्यकम विषयविशेषज्ञों तथा सदस्यों के विचारार्थ प्रस्तुत है।

5. यह निर्णय लिया गया कि सीबीसीएस पद्धति पर आधारित पाठ्यक्रम के विषय में कतिपय निर्णय संकाय/ विश्वविद्यालय स्तर पर लिए जाने हैं, अत: 15मार्च,2018 से पूर्व आयोजित की जानेवाली पाठ्यसमिति में इस पाठ्यक्रम को पुन:विचारार्थ प्रस्तुत किया जाएगा।

नीरजा टण्डन

संयोजक

पाठ्यसमिति,हिन्दी विभाग

कुमाऊँ विश्वविद्यालय,नैनीताल।

4.12.17

4/12/17

अ०पाठक
04.12.2017

आज दिनांक 5 मार्च तथा 6 मार्च, 2018 को कुमाऊँ विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में हिन्दी विषय की पाठ्यसमिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नांकित विषय विशेषज्ञ एवं सदस्य उपस्थित हुए :-

1. प्रो.सुधाकर सिंह (बाह्य विशेषज्ञ)
2. प्रो.एस.डी.तिवारी (बाह्य विशेषज्ञ)
3. डॉ. मुकेशगर्ग (बाह्य विशेषज्ञ)
4. प्रो. डी.एस. पोखरिया (सदस्य)
5. प्रो. एस.एस.बिष्ट (सदस्य) 5.3.18
6. प्रो. मानवेन्द्र पाठक (सदस्य) पाठक
7. प्रो.चन्द्रकला रावत (सदस्य)
8. प्रो. निर्मला ढैला (सदस्य)
9. प्रो. जगतसिंह बिष्ट (सदस्य)
10. प्रो.शिरीष कुमार मौर्य (सदस्य)
11. प्रो. आराधना शुक्ला (कला संकायाध्यक्ष)
12. इंचार्ज, हिन्दी विभाग,राज.स्ना.महा. पिथौरागढ़
13. इंचार्ज, हिन्दी विभाग,राज.स्ना.महा. रामनगर
14. प्रो.नीरजा टण्डन (संयोजक)

बैठक मे निम्नांकित बिन्दुओ पर विचार किया गया-

1. स्नातक स्तर एवं परास्नातक (सी.बी. सी. एस.) स्तर पाठ्यक्रम का अनुमोदन समिति द्वारा किया गया।
2. इस पाठ्यक्रम से सम्बन्धित पुस्तकों के सम्पादन के दायित्व के निर्धारण हेतु संयोजक, हिन्दी को समिति ने सर्वसम्मति से अधिकृत किया।
3. सी.बी.सी.एस में अनिवार्य रूप से सम्मिलित MIL हिन्दी पाठ्यक्रम [illegible] किया गया।

आज दिनांक 4 दिसम्बर , 2017 को कुमाऊँ विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में हिन्दी विषय की पाठ्यसमिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नांकित विषय विशेषज्ञ एवं सदस्य उपस्थित हुए :-

1. प्रो.सुधाकर सिंह (बाह्य विशेषज्ञ)

2. प्रो.एस.डी.तिवारी (बाह्य विशेषज्ञ)

3. डॉ. मुकेशगर्ग (बाह्य विशेषज्ञ)

4. प्रो. डी.एस. पोखरिया (सदस्य)

5. प्रो. एस.एस.बिष्ट (सदस्य)

6. प्रो. मानवेन्द्र पाठक (सदस्य)

7. प्रो.चन्द्रकला रावत (सदस्य)

8. प्रो. निर्मला ढैला (सदस्य)

9. प्रो. जगतसिंह बिष्ट (सदस्य)

10.प्रो.शिरीष कुमार मौर्य (सदस्य)

11. प्रो. बी.एस. बिष्ट (कला संकायाध्यक्ष)

12. प्रो.नीरजा टण्डन (संयोजक)

बैठक में निम्नांकित बिन्दुओं पर विचार किया गया -

1. विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार सत्र 2018-19 से स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर सीबीसीएस पद्धति पर पाठ्यक्रम संचालित किया जाना है, अत: हिन्दी साहित्य के पाठ्यक्रम का प्रारूप विषय विशेषज्ञों एवं सदस्यो के अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।

2.'हिन्दी भाषा एवं साहित्य' तथा अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य बीए/ बीकॉम स्तर पर यूजीसी द्वारा निर्दिष्ट अनिवार्य विषय का प्रकरण फैकल्टी बोर्ड के विचारार्थ प्रस्तावित है।

3.इस पाठ्यक्रम के अंक विभाजन का निर्णय कला संकाय/ विश्वविद्यालय स्तर पर होगा ताकि समस्त विषयों में अंकविभाजन विषयक एकरूपता रहे।

4. प्री पीएचडी पाठ्यकम विषयविशेषज्ञों तथा सदस्यों के विचारार्थ प्रस्तुत हैं।

5. यह निर्णय लिया गया कि सीबीसीएस पद्धति पर आधारित पाठ्यक्रम के विषय में कतिपय निर्णय संकाय/ विश्वविद्यालय स्तर पर लिए जाने हैं, अत: 15मार्च,2018 से पूर्व आयोजित की जानेवाली पाठ्यसमिति में इस पाठ्यक्रम को पुन:विचारार्थ प्रस्तुत किया जाएगा।

नीरजा टण्डन

संयोजक

पाठ्यसमिति,हिन्दी विभाग

कुमाऊँ विश्वविद्यालय,नैनीताल।

आज दिनांक 10.12.18 को कुमाऊँ विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में हिन्दी विषय की पाठ्यसमिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नांकित विषय विशेषज्ञ एवं सदस्य उपस्थित हुए :-

1. प्रो.एस.डी.तिवारी (बाह्य विशेषज्ञ)
2. प्रो. अनिल राय (बाह्य विशेषज्ञ)
3. प्रो.नीरजा टण्डन (सदस्य)
4. प्रो.चन्द्रकला रावत (सदस्य)
5. प्रो. निर्मला ढैला (सदस्य)
6. प्रो. जगतसिंह बिष्ट (सदस्य)
7. प्रो.शिरीष कुमार मौर्य (सदस्य)
8. प्रो. हामिद अली (कला संकायाध्यक्ष)
9. प्रो. मानवेन्द्र पाठक (संयोजक)

बैठक में निम्नांकित बिन्दुओं पर विचार किया गया -

1. विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार आगामी सत्र से स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर सीबीसीएस पद्धति पर पाठ्यक्रम संचालित किया जाना है, एतदर्थ पाठ्यक्रम गत वर्ष पाठ्यसमिति तथा संकायसमिति की बैठक में स्वीकृत हो चुका है। इस पाठ्यक्रम तथा सत्रार्धपद्धति पर चल रहे पाठ्यक्रमों में कतिपय सुझाव विषयविशेषज्ञों द्वारा सुझाए गए , जिन्हें समिति द्वारा सर्वसम्मति से पाठ्यक्रम में शामिल किया गया।

(क) विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार सत्रार्ध पद्धति पर चल रहे पाठ्यक्रमों में से वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को हटा दिया गया है, तदनुसार पाठ्यक्रम में किये गए अंकविभाजन प्रस्तुत हैं । (पाठ्यक्रम संलग्न है।)

(ख) स्नातक स्तर पर हिन्दी साहित्य का पाठ्यक्रम यथावत रहेगा।

(ग) स्नातक स्तर पर हिन्दी भाषा के स्नातक प्रथम सत्रार्ध के प्रथम प्रश्नपत्र में पचपन वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे, जिनमें प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प होंगे।

(घ) हिन्दी भाषा, स्नातकप्रथमसत्रार्ध, द्वितीय प्रश्नपत्र के बिन्दु संख्या 4. हिन्दी भाषा: विविध सन्दर्भ के अन्तर्गत 1. व्यावहारिक हिन्दी, 2. कार्यालयीय हिन्दी , 3. व्यावसायिक हिन्दी - शामिल किये गए। शेष पाठ्यक्रम यथावत रहेगा।

2. 'हिन्दी भाषा एवं साहित्य' तथा अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य बीए/ बीकॉम स्तर पर यूजीसी द्वारा निर्दिष्ट अनिवार्य विषय का प्रकरण फैकल्टी बोर्ड के विचारार्थ प्रस्तावित है। साथ ही इस पाठ्यक्रम के अंक विभाजन का निर्णय कला संकाय/ विश्वविद्यालय स्तर पर होगा ताकि समस्त विषयों में अंकविभाजन विषयक एकरूपता रहे।

3. सत्रार्धपद्धति पर आधारित स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रम में निम्नाकित संशोधन किये गए-

(क) प्रथम सत्रार्ध,द्वितीय प्रश्नपत्र में शामिल संक्षिप्त रामचन्द्रिका के सम्पादक रामचन्द्र तिवारी के स्थान पर जगन्नाथ तिवारी हैं।

(ख) तृतीय सत्रार्ध, नवम प्रश्नपत्र में शामिल 'नागार्जुन की प्रतिनिधि कविताएँ' में व्याख्या हेतु निम्नांकित कविताएँ चयनित की गई हैं- उनको प्रणाम, बतौल्त ब्रेख्त, बादल को घिरते देखा है, बहुतदिनों के बाद, मेरी भी आभा है इसमें, सोनियासमन्दर, प्रतिबद्ध हूँ, वो हमें चेतावनी देने आये थे, सिन्दूर तिलकित भाल, वह दन्तुरित मुस्कान, यह तुम थीं, गुलाबीचूडियॉ, खुरदरे पैर, घिन तो नहींआती है ?,गीले पॉख की दुनिया गई है छोड़, प्रेत का बयान, अकाल और उसके बाद, आओ रानी हम ढोयेंगे पालकी, शासन की बन्दूक, पसीने का गुण-धर्म,) ।

(ग) तृतीयसत्रार्ध, एकादश प्रश्नपत्र में शामिल -'हिन्दी के सर्वश्रेष्ठ निबन्ध' (सम्पादक- नीरजाटण्डन) में निर्धारित निबन्धों में से पाँच निबन्ध- 1. साहित्य जनसमूह के हृदयका विकास है(बालकृष्ण भट्ट), कविता क्या है (रामचन्द्र शुक्ल), अशोक के फूल (हजारीप्रसाद द्विवेदी), पगडण्डियों का जमाना(हरिशंकर परसाई) तथा भारत की सांस्कृतिक एकता(रामधारीसिंह दिनकर) यूजीसी द्वारा निर्देशित पाठ्क्रम के आधार पर स्नातक स्तर के नये पाठ्यक्रम में गत वर्ष से शामिल हो गए हैं,अत: इन निबन्धों के स्थान पर 1. सच्ची कविता (बालकृष्ण भट्ट), काव्य में लोकमंगल की साधनावस्था (रामचन्द्र शुक्ल), देवदारू(हजारीप्रसाद द्विवेदी), प्रेमचन्द के फटे जूते (हरिशंकर परसाई) तथा कविता का भविष्य (रामधारीसिंह दिनकर) निबन्ध शामिल किये जाते हैं, तदनुसार सम्पादित पुस्तक का प्रारूप तैयार है। इस पुस्तक का शीर्षक अब 'हिन्दी निबन्ध मंजूषा' होगा तथा आगामी सत्र से यह पुस्तक पाठ्यक्रम में शामिल होगी।

(घ) तृतीयसत्रार्ध, द्वादश प्रश्नपत्र 'हिन्दी भाषा' के चतुर्थ बिन्दु में 'वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में हिन्दी' शीर्षक शामिल किया गया।

(ङ) चतुर्थ सत्रार्ध, त्रयोदश प्रश्नपत्र के कविता संकलन 'उत्तराखण्ड के हिन्दी कवि) (सं. दिवाभट्ट) का संवर्धन होना है। इस संकलन में प्रत्येक कवि की कम से कम दस कविताएँ व्याख्या हेतु संकलित की जाएँ तथा उत्तराखण्ड की हिन्दी कविता पर एक विस्तृत भूमिका भी शामिल की जाय।

मानवेन्द्र पाठक 10.12.2018

संयोजक

पाठ्यसमिति, हिन्दी विभाग

कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल

10.12.18

10.12.18

XIX

# हिंदी विभाग, कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल(उत्तराखंड)

दिनांक : 29.03.2019

## कार्यवृत्त पाठ्यसमिति हिंदी

***

विश्वविद्यालय के पत्र संख्या मान्यता/पाठ्यसमिति/हिन्दी/2019/638 के सन्दर्भ में आज दिनांक 29 मार्च, 2019 को कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में हिन्दी विषय की पाठ्यसमिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नांकित विषय विशेषज्ञ एवं सदस्य सम्मिलित हुए।

1. प्रो. सुधाकर सिंह (विषय विशेषज्ञ)
2. प्रो.एस.डी.तिवारी(विषय विशेषज्ञ) 29.3.19
3. प्रो.अनिल कुमार राय(विषय विशेषज्ञ)
4. प्रो. नीरजा टंडन(सदस्य) 29.3.19
5. प्रो.चन्द्रकला रावत(सदस्य) 29/3/19
6. प्रो.निर्मला ढैला बोरा(सदस्य) 29/3/19
7. प्रो. जगत सिंह बिष्ट(सदस्य)
8. प्रो. शिरीष कुमार मौर्य(सदस्य) 29/3/19
9. प्रो. मानवेन्द्र पाठक- संयोजक

बैठक में विचार-विमर्श के उपरान्त सभी विषय विशेषज्ञों तथा सदस्यों की सहमति से निम्नांकित बिंदुओं पर निर्णय लिए गए -

1. विश्वविद्यालय के पत्रांक गोपनीय/2019/9100 दिनांकित 01.03.2019(संलग्न) द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि हिन्दी भाषा में बी.ए. प्रथम तथा द्वितीय सत्र में दो-दो के स्थान पर एक-एक प्रश्नपत्र ही रखे जाएं एवं वस्तुनिष्ठ प्रश्न समाप्त किए जाएं। कला संकायाध्यक्ष के पत्र संख्या कला संकाय/777(संलग्न) दिनांकित 09.03.2019 के अनुसार हिन्दी भाषा प्रत्येक प्रश्नपत्र 75 के स्थान पर 100 अंकों का हो।इन निर्देशों के आधार पर पाठ्यसमिति की 10 दिसम्बर 2018 को सम्पन्न हुई पिछली बैठक में लिए गए निर्णय संख्या 1(ग) एवं 1(घ)को यह पाठ्यसमिति निरस्त करती है।

पाठक 29.03.2019

29/3/19 29-3-19 1 29/3/19

# हिन्दी विभाग, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल(उत्तराखंड)

पत्रांक : बीओएस/हिन्दी/2019/

दिनांक : 27-28.09.2019

## हिन्दी पाठ्यसमिति(Board of Studies) की बैठक का कार्यवृत्त

विश्वविद्यालय के हिन्दी विषय की पाठ्य समिति की बैठक संयोजक हिन्दी की अध्यक्षता में आज दिनांक 27-28 सितम्बर 2019 को यू.जी.सी., एच.आर.डी.सी. कु.वि.वि.नैनीताल के सभागार कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में सदस्यों की उपस्थिति निम्नवत रही –

1. प्रो. मानवेन्द्र पाठक – संयोजक
2. प्रो. अनिल कुमार राय (बाह्य विशेषज्ञ)
3. प्रो. एस.डी.तिवारी (बाह्य विशेषज्ञ)
4. प्रो. चन्द्रकला रावत – सदस्य
5. प्रो. जगत सिंह बिष्ट – सदस्य
6. प्रो. निर्मला ढैला बोरा – सदस्य
7. प्रो. शिरीष कुमार मौर्य – सदस्य
8. डॉ.नीलाक्षी जोशी – सदस्य(राज.स्ना.महा.पिथौरागढ़)

बैठक की कार्यवाही निम्नवत रही –

1. बैठक में सर्वप्रथम दिनांक 29 मार्च 2019 को सम्पन्न हुई पाठ्य समिति की विगत बैठक के प्रस्तावों तथा निर्णयों की पुष्टि की गई।
2. बैठक में सर्वसम्मत निर्णय लिया गया कि स्नातक एवं परास्नातक हिन्दी के सभी प्रश्नपत्रों में सहायक ग्रंथों की सूची संयोजक हिन्दी द्वारा विभाग के प्रोफेसरगण के सहयोग एवं सहमति से तैयार कर सम्बन्धित पाठ्यक्रम में जोड़ दी जाए, जिसकी पुष्टि पाठ्यसमिति अपनी आगामी बैठक में करेगी।
3. बैठक में सर्वसम्मत निर्णय लिया गया कि स्नातक हिन्दी साहित्य पंचम सत्रार्द्ध नवम प्रश्नपत्र(प्रयोजनमूलक हिन्दी) की पाठ्यपुस्तक प्रो. निर्मला ढैला बोरा के सम्पादन में तैयार की जाए।
4. समिति ने पाया है कि हिन्दी साहित्य एवं भाषा विषय का सेमेस्टर पाठ्यक्रम अद्यतन है तथा तत्काल उसमें किसी संशोधन की आवश्यकता नहीं है।
5. बैठक में सर्वसम्मत निर्णय लिया गया कि स्नातक स्तर के वार्षिक पाठ्यक्रम हेतु पाठ्यसमिति की अगली बैठक यथाशीघ्र आहूत की जाए।
6. बैठक में सर्वसम्मत निर्णय लिया गया कि स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं के परीक्षकों का पैनल के प्रस्ताव हेतु संयोजक हिन्दी को अधिकृत किया जाता है।

बैठक के अंत में प्रो. मानवेन्द्र पाठक ने सभी विशेषज्ञों एवं सदस्यों का आभार ज्ञापित किया।

प्रो.(मानवेन्द्र पाठक)
संयोजक एवं विभागाध्यक्ष हिन्दी

हिंदी, अंग्रेजी तथा संस्कृत विषयों की आधार पाठ्यक्रम (वार्षिक पद्धति) के संयोजकों की बैठक का कार्यवृत्त

आज दिनांक 30 सितम्बर, 2019 को विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में अधिष्ठाता, कला संकाय की अध्यक्षता में हिंदी, अंग्रेजी तथा संस्कृत विषयों के संयोजकों की एक बैठक सम्पन्न हुयी जिसमें निम्न उपस्थित थे:

1. प्रोफेसर पुष्पा अवस्थी (अधिष्ठाता, कला संकाय) पुष्पा अवस्थी 30/09/2019
2. प्रोफेसर मानवेन्द्र पाठक मा०पाठक
3. प्रोफेसर शालिमा तबस्सुम [signature]
4. प्रोफेसर अरविन्द सिंह अधिकारी [signature]

बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि हिंदी, अंग्रेजी तथा संस्कृत विषयों के आधार पाठ्यक्रम (वार्षिक पद्धति) में बी० ए० प्रथम वर्ष में दो प्रश्न-पत्र होंगे। प्रत्येक प्रश्न-पत्र का पूर्णाङ्क 75 होगा। प्रत्येक प्रश्न-पत्र दो खण्डों - 'अ' तथा 'ब' में विभाजित होगा। खण्ड 'अ' 35 अंकों का होगा जिसमें लघुउत्तरीय प्रश्न पूछे जायेंगे। खण्ड 'ब' 40 अंकों का होगा जिसमें दीर्घउत्तरीय प्रश्न पूछे जायेंगे।

पुष्पा अवस्थी 30/09/2019 [signature] 30/09/19 मा०पाठक 30/9/2019 [signature] 30-09-19

## हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल (उत्तराखंड)

पत्रांक : हिन्दी/पाठ्यसमिति/ज़ूम 6681715882/2020 दिनांक : 14 अगस्त 2020

### हिन्दी पाठ्यसमिति (**Board of Studies**) का कार्यवृत्त

माननीय कुलपति,कुमाऊँ विश्वविद्यालय के निर्देश पर हिन्दी विषय की पाठ्यसमिति की आवश्यक ऑनलाइन बैठक संयोजक हिन्दी प्रो. चन्द्रकला रावत की अध्यक्षता में आज दिनांक 14 अगस्त 2020 को ज़ूम स्ट्रीम लिंक https://us04web.zoom.us/j/6681715882?pwd=RmdQaWR1UU0xY0loQXp1ODFmMm5Ndz09 मीटिंग आई डी 6681715882 के माध्यम से सम्पन्न हुई। बैठक में सदस्यों की ऑनलाइन उपस्थिति निम्नवत् रही –

1. प्रो. चन्द्रकला रावत (संयोजक, डी.एस.बी.परिसर, कु.वि.वि.नैनीताल)
2. प्रो. अनिल कुमार राय (बाह्य विशेषज्ञ, दिल्ली वि.वि.)
3. प्रो. पवन अग्रवाल (बाह्य विशेषज्ञ, लखनऊ वि.वि.)
4. प्रो. निर्मला ढैला बोरा (सदस्य, डी.एस.बी.परिसर, कु.वि.वि.नैनीताल)
5. प्रो. पदम सिंह बिष्ट (संकायाध्यक्ष कला)
6. प्रो. जगत सिंह बिष्ट (सदस्य, एस.एस.जे..परिसर, कु.वि.वि.अल्मोड़ा)
7. प्रो. शिरीष कुमार मौर्य (सदस्य, डी.एस.बी.परिसर, कु.वि.वि.नैनीताल)
8. डॉ. नीलाक्षी जोशी (सदस्य, राज.स्ना.महावि. पिथौरागढ़))

बैठक में निम्नवत् निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए –

1. बैठक में सर्वप्रथम दिनांक 18 अक्टूबर 2019 को सम्पन्न हुई पाठ्यसमिति की विगत बैठक के प्रस्तावों तथा निर्णयों की पुष्टि की गई।
2. बैठक में सर्वसम्मत निर्णय लिया गया कि माननीय कुलपति जी के निर्देशों के क्रम में परास्नातक (एम ए) हिन्दी में सीबीसीएस पद्धति को अंगीकार किया जाए।
3. बैठक में परास्नातक(एम.ए.) हिन्दी के नवीन सीबीसीएस पाठ्यक्रम की सर्वसम्मत संस्तुति की गई, जिसकी मूल प्रति संलग्न है।

14/8/2020
प्रो. चन्द्रकला रावत
अध्यक्ष
हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग
डी. एस. बी. परिसर, कु. वि. वि.
नैनीताल

4. बैठक में बी.ए. द्वितीय सत्र तृतीय प्रश्नपत्र के अन्तर्गत निम्नांकित दो पाठ्यपुस्तकों की सर्वसम्मत संस्तुति की गई 1. रीतिकालीन काव्य – सम्पादक प्रो. मानवेन्द्र पाठक तथा 2. काव्य प्रदीप – रामबहोरी शुक्ल (लोकभारती, इलाहाबाद)इलाहाबाद)।
5. बैठक में कुलसचिव, कु.वि.वि. नैनीताल के पत्र संख्या मान्यता/2019/1663 दिनांकित 30.06.2020 का संज्ञान लेते हुएसर्वसम्मत निर्णय लिया गया कि काव्यांग परिचय शीर्षक वाली प्रो. मानवेन्द्र पाठक के नाम की कथित पाठ्यपुस्तक को सहायक पुस्तकों की सूची से हटाने तथा इस आशय की सूचना सभी सम्बद्ध परिसरों/महाविद्यालयों को प्रेषित करने की अविलम्ब कार्यवाही संयोजक हिन्दी द्वारा की जाए।

बैठक के अंत में प्रो. चन्द्रकला रावत, संयोजक – हिन्दी द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का आभार ज्ञापित किया गया।

14/8/2020

प्रो. चन्द्रकला रावत
अध्यक्ष
हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग
डी. एस. बी. परिसर, कु. वि. वि.
नैनीताल

## हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल (उत्तराखंड)

पत्रांक : हिन्दी/पाठ्यसमिति/ meet.google.com/hwy-qvuo-ctc/2021 दिनांक : 18 अगस्त 2021

### हिन्दी पाठ्यसमिति (Board of Studies) का कार्यवृत्त

हिन्दी विषय की पाठ्यसमिति की आवश्यक ऑनलाइन बैठक संयोजक हिन्दी प्रो. चन्द्रकला रावत की अध्यक्षता में आज दिनांक 18 अगस्त 2021 को पूर्वाह्न 11 बजे गूगल मीट लिंक https://meet.google.com/hwy-qvuo-ctc के माध्यम से सम्पन्न हुई। बैठक में सदस्यों की ऑनलाइन उपस्थिति निम्नवत् रही –

1. प्रो. चन्द्रकला रावत
   (संयोजक, डी.एस.बी.परिसर, कु.वि.वि.नैनीताल)
2. प्रो. अनिल कुमार राय
   (बाह्य विशेषज्ञ, दिल्ली वि.वि.)
3. प्रो. हरिमोहन
   (बाह्य विशेषज्ञ, कुलपति, आगरा)
4. प्रो. पवन अग्रवाल
   (बाह्य विशेषज्ञ,लखनऊ विश्वविद्यालय)
5. निर्मला ढैला बोरा
   (सदस्य, डी.एस.बी.परिसर,कु.वि.वि.नैनीताल)
6. प्रो. शिरीष कुमार मौर्य
   (सदस्य, डी.एस.बी.परिसर, कु.वि.वि.नैनीताल)

प्रो. आर.के.पाण्डे
(संकायाध्यक्ष कला, कु.वि.वि.नैनीताल)

हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग डी. एस. बी. परिसर, कु. वि. वि. नैनीताल

बैठक में निम्नवत् निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए –

1. बैठक में सर्वप्रथम दिनांक 14 अगस्त 2020 को सम्पन्न हुई पाठ्यसमिति की विगत बैठक के प्रस्तावों तथा निर्णयों की पुष्टि की गई।
2. बैठक में सर्वसम्मत निर्णय लिया गया कि हिन्दी का परास्नातक पाठ्यक्रम अद्यतन है, उसमें किसी परिवर्तन की आवश्यकता इस सत्र में नहीं है।
3. बैठक में सर्वसम्मत निर्णय लिया गया कि हिन्दी भाषा का स्नातक पाठ्यक्रम अद्यतन है, उसमें किसी परिवर्तन की आवश्यकता इस सत्र में नहीं है।
4. बैठक में सर्वसम्मत निर्णय लिया गया कि हिन्दी साहित्य के स्नातक पाठयक्रम के **तृतीय प्रश्नपत्र - रीतिकालीन काव्य एवं काव्यांग विवेचन** के अन्तर्गत काव्यांग विवेचन में निर्धारित पाठ्यक्रम में अध्ययन हेतु अलंकार तथा छंदों के नाम पुनः निर्धारित किए जाएँ। **पंचम प्रश्नपत्र - द्विवेदी युगीन एवं छायावादी काव्य** में व्याख्या हेतु कविताएँ निर्धारित कर दी जाएँ। पूर्व में यह भी निर्धारित हुआ था कि नवम प्रश्नपत्र – प्रयोजनमूलक हिन्दी की पाठ्यपुस्तक प्रो. निर्मला ढैला बोरा तैयार करेंगी। प्रो. निर्मला ढैला बोरा द्वारा सूचित किया गया है कि उन्होंने यह पुस्तक तैयार कर ली है तथा पुस्तक प्रकाशनाधीन है, अतः समिति इस पुस्तक **प्रयोजनमूलक हिन्दी : विविध सन्दर्भ** को नवम प्रश्नपत्र की पाठ्यपुस्तक के रूप में संस्तुत करती है। इन दो संशोधनों के साथ पाठ्यक्रम की मूल प्रति संलग्न है।
5. बैठक में हिन्दी के प्री-पीएच.डी. कोर्स प्रश्नपत्र द्वितीय के नवीन पाठ्यक्रम की संस्तुति की गई, जिसकी मूल प्रति संलग्न है।

बैठक के अंत में प्रो. चन्द्रकला रावत, संयोजक – हिन्दी द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का आभार ज्ञापित किया गया।

द्वितीय सत्रार्ध (Second Semester)

हिंदी साहित्य

**तृतीय प्रश्नपत्र - रीतिकालीन काव्य एवं काव्यांग विवेचन**

पूर्णांक: 75

निर्धारित पाठ्यक्रम:

पाठ्य पुस्तकें:

1. रीतिकालीन काव्य- संपादक: प्रो. मानवेन्द्र पाठक, अंकित प्रकाशन, हल्द्वानी

टिप्पणी: (क) अग्रांकित कवियों के रचना-अंशों से व्याख्या एवं आलोचनात्मक प्रश्न पूछे जाएँगे- 1. केशवदास 2. बिहारी 3. देव 4. घनानंद 5. भूषण।

2.काव्य प्रदीप - राम बहोरी शुक्ल, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद (रस, छंद, अलंकार एवं शब्दशक्तियाँ)-

(क) छंद - निम्नांकित छंदों के लक्षण एवं उदाहरण - दोहा, चौपाई, रोला, सोरठा, सवैया, बरवै, गीतिका, हरिगीतिका, कवित्त, ताटंक, मानव, श्रृंगार, इन्द्रवज्रा, उपेन्द्रवज्रा।

(ख) अलंकार - निम्नांकित अलंकारों के लक्षण एवं उदाहरण - अनुप्रास, यमक, श्लेष, वक्रोक्ति, उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, विभावना, संदेह, भ्रांतिमान, प्रतीप, व्यतिरेक, मानवीकरण, अतिशयोक्ति, अन्योक्ति, समासोक्ति।

(ग) रस: रसावयव - स्थायीभाव, विभाव, अनुभाव, संचारी भाव।

रस भेद - श्रृंगार, हास्य, वीर, अद्भुत, करुण, रौद्र, वीभत्स, भयानक, शांत, भक्ति, वात्सल्य - रसों के लक्षण एवं उदाहरण।

(घ) शब्दशक्तियाँ - शब्दशक्तियों का सामान्य परिचय - अभिधा, लक्षणा, व्यंजना।

**लिखित परीक्षा** **55 अंक**

**आन्तरिक मूल्यांकन-** **-20 अंक**

**कुल योग 75 अंक**

तृतीय सत्रार्ध (Third Semester)

हिंदी साहित्य

**पंचम प्रश्नपत्र - द्विवेदी युगीन एवं छायावादी काव्य**

पूर्णांक: 75

निर्धारित पाठ्यक्रम:

पाठ्य पुस्तक: 1. द्विवेदी युगीन एवं छायावादी काव्य- संपादक: प्रो. चन्द्रकला रावत, देवभूमि प्रकाशन, हल्द्वानी / **टिप्पणी:** संकलित कवियों की अग्रांकित कविताओं से व्याख्या पूछी जाएँगी- 1. हरिऔध (माँ की ममता, सच्चे देवते तथा साहसी) 2. मैथिलीशरण गुप्त (पंचवटी) 3. प्रसाद (आँसू तथा गीत) 4. पंत (परिवर्तन तथा प्रथम रश्मि) 5. निराला (वंदना, जुही की कली तथा वह तोड़ती पत्थर) 6. महादेवी वर्मा (पाठ्यपुस्तक चयन में आरम्भिक तीन गीत) ।

**लिखित परीक्षा** **55 अंक**

**आन्तरिक मूल्यांकन-** **-20 अंक**

**कुल योग 75 अंक**

पंचम सत्रार्ध (Fifth Semester)

हिंदी साहित्य

**नवम प्रश्नपत्र - प्रयोजनमूलक हिंदी**

पूर्णांक: 75

निर्धारित पाठ्यक्रम:

पाठ्य पुस्तक: प्रयोजनमूलक हिन्दी : विविध सन्दर्भ - प्रो. निर्मला ढैला बोरा, देवभूमि प्रकाशन, हल्द्वानी

अंक विभाजन इस प्रकार रहेगा-

**लिखित परीक्षा** **55 अंक**

**आन्तरिक मूल्यांकन-** **-20 अंक**

**कुल योग 75 अंक**

हरिसोहन Krawat

Krawat

प्री-पीएच.डी.

द्वितीय प्रश्नपत्र पाठ्यक्रम सत्र 2022 से लागू

1. हिन्दी साहित्य का इतिहास : सैद्धान्तिक एवं आलोचनात्मक अध्ययन
2. हिन्दी में आधुनिक साहित्य सिद्धान्त/विचारधाराएँ : स्वच्छन्दतावाद, मार्क्सवाद, गाँधीवाद, अस्तित्ववाद, राष्ट्रवाद, उत्तरआधुनिकता
3. (क). हिन्दी में नए विमर्श : स्त्री विमर्श, दलित विमर्श, आदिवासी विमर्श एवं ट्रांसजेंडर(परलैंगिकता) का प्रश्न

   (ख). लोक साहित्य
4. साहित्य समीक्षा का व्यावहारिक अध्ययन
5. हिन्दी विषय में शोध प्रस्ताव एवं रूपरेखा निर्माण का व्यावहारिक अध्ययन

Brawat

Brawat

प्रो.चन्द्रकला रावत
संयोजक
पाठ्यक्रम एवं शोध समिति
हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग
कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल

अध्यक्ष
हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग
डी. एस. बी. परिसर, कु. वि. वि.
नैनीताल

Brawat

# देवभूमि प्रकाशन

81-83/2, माँ गिरिजा विहार कॉलोनी
कमलुवागांजा
हल्द्वानी-263139
नैनीताल
उत्तराखंड
मो. : 08006911677, 09411159900
E-mail : dp.haldwani@gmail.com


---

प्रो. निर्मला ढैला बोरा द्वारा विरचित पुस्तक **'प्रयोजन मूलक हिंदी : विविध संदर्भ'**, जो कुमाऊँ विश्वविद्यालय के स्नातक हिंदी पंचम सत्र के नवम् प्रश्नपत्र के लिए निर्धारित पाठ्य-पुस्तक है, देवभूमि प्रकाशन, हल्द्वानी (नैनीताल) से प्रकाशनाधीन है।

पुस्तक का प्रकाशन-कार्य प्रक्रियाधीन है। पुस्तक अगस्त 2021 तक प्रकाशित हो जाएगी।

कृते
देवभूमि प्रकाशन

अवलोकित

18/06/2021